**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**नड्डा सम्मेलन**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में उन्होंने बताया कि अब तक तीन करोड़ 60 लाख से अधिक लोगों की जाँच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर तक जांच की संख्या् चार करोड़ को पार करने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, देश का स्वास्थ्य दृष्टिकोण, उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर एक समग्र मॉडल की ओर बढ़ गया है।

.................................................

**जीएसटी उत्सव**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज सोलन में जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोगों को जीएसटी में की गई कटौती के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती के फैसले को सर्वहितकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र सरकार का एक ऐतिहासिक निर्णय है और इससे हर वर्ग को राहत मिलेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से लोगों की बचत बढ़ेगी।

.................................................

**जीएसटी–स्वास्थ्य सेवा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर कर की दर को कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

.................................................

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्र के सातवे दिन आज माँ दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां का यह स्वरूप अनंत और व्यापक है। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली है। मां काली की पूजा से सब कुछ सिद्ध होता है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों में श्रद्धालु सुबह से ही पूर्ण श्रद्धा व आस्था से पूजा–अर्चना कर रहे है और मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

.................................................

**एचपीएमसी**

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने एच पी एम सी पर कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा है कि मानसून खत्म होने के बाद भी बागवानों का सेब अभी तक सड़कों पर पड़ा हुआ है और यदि इसे समय पर नहीं बेचा गया तो आने वाले समय में बागवानों को एचपीएमसी से इसकी पेमेंट भी नहीं मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि समय पर एचपीएमसी खरीद केंद्र न खोलने और नीलामी व ट्रांसपोर्टेशन में अव्यवस्था के चलते बागवानों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

---------------------------------------------------

**ईवी चार्जिंग स्टेशन**

केंद्र सरकार ने पीएम ई–ड्राइव योजना के अंतर्गत पूरे देश में लगभग 72 हजार 3 सौ सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के दिशा निर्देश जारी किये हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह स्टेशन सरकारी परिसरों, राजमार्गों, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और वाणिज्यिक परिसरों में स्थापित किये जायेंगे। दिशा निर्देशों के अनुसार, सरकारी कार्यालय, आवासीय कॉलोनियाँ, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान में बुनियादी ढाँचे और चार्जिंग उपकरणों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इन केन्द्रों पर मुफ्त सार्वजनिक पहुँच आवश्यक होगी।

---------------------------------------------------